# मेरठ से दिल्ली सप्लाई होते हैं नकली रसगुल्ले : सैनी

Publish Date:Tue, 12 Nov 2019 08:00 AM (IST)



विधान परिषद के सदस्य साहब सिंह सैनी का कहना है कि मेरठ से ट्रकों में भरकर रसगुल्ले दिल्ली को जाते हैं।

मेरठ, जेएनएन। विधान परिषद के सदस्य साहब सिंह सैनी का कहना है कि मेरठ से ट्रकों में भरकर रसगुल्ले दिल्ली को जाते हैं। इनमें बड़ी मात्रा में मिलावट होती है, लेकिन प्रशासनिक अनदेखी की वजह से कार्रवाई नहीं होती। 'खाद्य पदार्थो में मिलावट और नकली दवाओं के प्रचलन से जनजीवन की स्वास्थ्य समस्याओं पर रोकथाम के लिए समिति' के सभापति साहब सिंह सोमवार को विकास भवन सभागार में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि 2025 तक कैंसर रोगियों में से 87 फीसद मामले मिलावटी खाद्य पदार्थो की वजह से होंगे। यह संख्या 2014-15 में 38 फीसद थी, लेकिन 2017-18 में बढ़कर 51 फीसद तक पहुंच गई। इस भयावह स्थिति को सुधारने के लिए प्रशासन कोई कदम नहीं उठा रहा है। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के मुताबिक देश में 68.7 फीसद दूध नकली मिल रहा है। जिन मेडिकल स्टोरों के दवाओं के सैंपल फेल होते रहते हैं, उन पर भी कार्रवाई नहीं होती। यदि तीन बार किसी का सैंपल फेल हो तो उसे सील कर देना चाहिए। समिति में राम वृक्ष सिंह यादव व सुरेश कुमार त्रिपाठी शामिल थे। इस मौके पर सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह ने मिलावटखोरी रोकने के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन समिति के सभापति को दिया। यहां होता है मिलावटी कारोबार

समिति ने बताया कि मेरठ शहर में लाला का बाजार में नकली मावा बनाया जाता है। सरधना व परीक्षितगढ़ में भी नकली मावे से बने रसगुल्ले दिल्ली भेजे जाते हैं।

डीएम की करेंगे शिकायत

सभापति ने कहा कि उन्हें पत्रकार वार्ता से पहले समीक्षा बैठक करनी थी, लेकिन डीएम इस बैठक में नहीं आए इसलिए समीक्षा नहीं की। उन्होने कहा कि जो बैठक में नहीं आना चाहता उससे कार्रवाई की उम्मीद कैसे कर सकते हैं। वह शासन स्तर पर इसकी शिकायत करेंगे।

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/meerut-city-fake-rasgulla-supplies-from-meerut-to-delhi-saini-19747833.html